Regarding construction of new bridge over Doodh River in Kanker-laid

श्री मोहन मंडावी **(**कांकेर**):** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रम संख्या 30 बस्तर की लाइफ लाइन है। रायपुर राजधानी से जगदलपुर को जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग में अवस्थित कांकेर शहर के मध्य दूध नदी पर बहुत पुराने समय में पुल बनाया गया था जो कि अत्यंत ही जर्जर हो चुका है। भारी वाहनों के आवागमन से कभी भी 'पुल मे भयंकर दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। यदि समय के पूर्व इस पुल का निर्माण कार्य नहीं किया जाता है तो न केवल आवागमन बाधित होगा बल्कि पूरी तरह से शहर का व्यापार ठप्प हो जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रम संख्या 30 में नंदनमारा का जर्जर पुल भी ऐसे ही लापरवाही के कारण बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है आज भी आवागमन बाधित है। अत**:** शहर मध्य मे दूध नदी पर बना पुराना जर्जर पुल के स्थान पर शीघ्र नया पुल निर्माण की स्वीकृति हेतु निर्देशित करने की कृपा करेंगे ।